हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025

11 गोल्ड मेडल जितने वाली धनाना की बहू दर्शना का...



12 गुरु को सहाय मानने वाले व्यक्ति को किसी का ...



## खबर संक्षेप

### श्री श्याम संकीर्तन 12 को : मनीष गोयल

**भिवानी।** मुंबई से खाटू श्याम धाम की अपनी 64वीं पैदल यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के उपलक्ष्य में चंद्रप्रकाश ढाढन का सम्मान करने के लिए कृपा सांवरे की परिवार भिवानी द्वारा 12 जुलाई को स्थानीय दिनोद गेट स्थित खाकी बाबा राम चरित मानस मंदिर में भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। भिवानी के प्रधान मनीष गोयल ने बताया कि चंद्रप्रकाश ढाढन जो अपनी अटूट भक्ति और दृढ़ संकल्प के लिए जाने जाते हैं, ने एक बार फिर मुंबई से राजस्थान स्थित खाटू श्याम धाम तक की अपनी कठिन पैदल यात्रा को संपन्न किया है। यह उनकी 64वीं ऐसी यात्रा है, जो भगवान श्याम के प्रति उनके गहरे विश्वास और समर्पण का प्रमाण है।

### बीमा सखी योजना बनाएगी आत्मनिर्भर

**चरखी दादरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए बीमा सखी योजना के नाम से अहम कदम उठाया गया है, यह सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा जागरूकता बढ़ाना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की यह एक अनोखी पहल है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा है कि योजना का मुख्य उद्देश्य हर पंचायत में एक महिला बीमा सखी तैनात करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। ताकि महिला शक्ति को बीमा सखी योजना से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सके। इससे वे आर्थिक व्यवस्था में हिस्सेदार बनेंगी और घर बैठे उन्हें रोजगार भी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से 70 वर्ष तक की महिलाएं जो 10वीं पास हो ।

### निलेश 15 को टीवी पर दिखाएगा प्रतिभा

**भिवानी।** पंजाब के लुधियाना में 15 जुलाई को दूरदर्शन पंजाबी टीवी चैनल पर बेटल ऑफ ब्रेन विषय पर होने वाली नेशलन फाइनल प्रतियोगिता के लिए गांव सुमराखेड़ा निवासी निलेश पुत्र जयबीर सिंह का चयन हुआ है। जयबीर सिंह ने बताया कि निलेश 8वीं कक्षा का छात्र है। प्रतियोगिता की तैयारी के लिए वे पिछले एक वर्ष से दिन रात लगा हुआ हैं। निलेश ने टीवी चेनल की बेटल ऑफ ब्रेन विषय पर स्कूल स्तर, जिला स्तर व प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की है। अब वे राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली फाइनल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अपने पिता जयबीर सिंह, दादा रोहताश सिंह, परिजनों व गांव का नाम पूरे देश में रोशन करेंगे। रोहताश सिंह ने बताया कि हमें अपने पौत्र निलेश पर गर्व है उन्होंने 12 वर्ष की छोटी की आयु में ही परिवान व गांव का नाम पूरे देश में चमकाया है।



# अषाढ़ के आखरी दिन श्रावण जैसी झड़ी, धान की रोपाई ने गति पकड़ी

## बारिश से किसानों के चेहरे खिले रहे, कई जगह जलभराव, पारा लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार को अषाढ़ का आखरी दिन (पूर्णिमा) था। सुबह सवेरे धूप की चमक जरूर दिखी,लेकिन उसके बाद पूरे दिन श्रावण जैसी झड़ी लगी रही। कभी तेज बारिश तो कभी हलकी फुव्वारों ने पारे को उपर बढ़ने से रोके रखा। हलकी फुव्वारों की वजह से पारा 31 डिग्री सेल्सियस के बिंदू को पार नहीं कर पाया। न्यूनतम तापमान भी 26 डिग्री सेल्सियस के बिंदू पर ही अटका रहा। जिस वजह से मौसम सुहावना बना रहा। बारिश से किसानों के चेहरे खिले रहे। क्योंकि इस वक्त किसानों ने अपने खेतों में खरीफ फसलों की बिजाई की हुई है। कपास के अलावा ज्वार व बाजरे की फसल में जबरदस्त फायदा होगा। इस वक्त इन फसलों फुटाव हो रहा है और बेहतरीन फुटाव की वजह से फसलों की औसतन पैदावार में फायदा होगा। पूरे दिन बारिश पारे को नहलाती रही। जिस वजह से पारा उपर चढ़ने की हिम्मत ही नहीं जुटा पाया।

सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त धीमी गति से हवा चल रही थी। थोड़ी देर बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए और आसमान साफ हो गया। कुछ देर बाद फिर से हवा ने गति पकड़ी तो आसमान काले बादलों से अट गया। बादलों की गहनता बढने लगी। दोपहर तक आसमान काली घटाओं से पट गया। करीब साढे 12 बजे अचानक आसमान से पानी बरसने लगा। कभी तेज तो कभी धीमी गति से आसमान से पानी बरसता रहा। शाम चार बजे तक इसी तरह का मौसम बना रहा। हलकी फुव्वारों ने भी पारे के कदमों को रोके रखा। हालांकि उमस की वजह से पारे ने एक दो बार उपर चढने का प्रयास किया,लेकिन फुव्वारों की वजह से पारा फिसलकर अपने पहले वाले बिंदू पर ही आ टिका। जिस वजह से पूरे दिन मौसम सुहावना बना रहा। वहीं हलकी बारिश से भी अनेक जगहों पर जलभराव की स्थिति बनी रही।





भिवानी। बवानीखेड़ा की रिहायशी बस्ती में जमा बारिश का पानी और बाजार में जमा बरसात का पानी। फोटो : हरिभूमि



### धान की रोपाई ने पकड़ ली गति

मॉनसून की सक्रियता बढने के बाद प्रदेश के पूरे इलाके में तेज बारिश का दौर जारी है। बेहतरीन बारिश के चलते खरीफ फसल धान की रोपाई ने गति पकड़ ली है। किसानों के खेत बारिश के पानी से लबालब है और अब उनमें धान की पौध रोपी जा रही है। क्योंकि इस वक्त जो मौसम धान की रोपाई का है। इससे बेहतरीन मौसम पहले कभी नहीं बना। इस मौसम में जिन खेतों में धान की पौधों की रोपाई हो जाएगी। उनमें बेहतरीन फुटाव होगा और उसकी औसतन पैदावार में भी बढौतरी होगी।

### बारिश ने तोड़े रिकार्ड,कर्मचारी सफाई में जुटे



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में वीरवार को मुसलाधार बारिश ने जहां सारे रिकार्ड तोड़ दिए वहीं नगर पालिका सफाई कर्मचारी भी नालों को खोलते हुए दिखाई दिए। वहीं उन्होंने बताया कि सीवरेज बंद होने के कारण खासी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शहरवासियों ने बताया कि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग यदि सीवरेज को खुलवाकर इसके पानी की निकासी करवाए तो इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। जल्द ही शहरवासियों ने विभाग की कार्यवाही से खफा होकर ठोस कदम उठाने की बात कही।



बवानीखेड़ा। रोड की समस्या के समाधान को लेकर विधायक कपूर वाल्मीकि व नपा चेयरमैन सुंदर अत्री द्वारा नितिन गड़करी से मिलते हुए। फोटो : हरिभूमि

# सर्विस रोड को लेकर सड़क परिवहन मंत्री से मिले विधायक और चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

■ बवानीखेड़ा शहर के अंदर वाले मार्ग को भी डबल करवाने की मांग

बवानी खेड़ा में हांसी भिवानी मार्ग पर एनएच148बी का निर्माण कार्य चल रहा है जो कि लगभग पूरा होने वाला है। यह रोड़ भिवानी से बवानी खेड़ा होते हुए हांसी तक जा रहा है। बवानी खेड़ा में चैनेज संख्या 23 700 पर एक रोड और है जो कि पुर, सिवाड़ा, कुंगड़ और कई अन्य गांवों में जाता है तथा 24 200 पर एक अन्य रोड़ खेड़ी, अलखपुरा, बडसी सहित अन्य गांवों में जा रहा है जिसके बीचों बीच यह हाईवे गया है लेकिन इन दोनों रोडों (सड़कों) को जोड़ने के लिए पुल के दोनों तरफ कच्ची सड़क दी गई है जिसमें गड्ढे हैं और ऊंची नीची है जिसके कारण आवागमन नहीं हो पा रहा है, साथ में इस रास्ते कई किसानों को भी दिक्कत हैं।

इस समस्या के समाधान को लेकर विधायक कपूर वाल्मीकि व नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में बताया कि बवानी खेड़ा शहर के अंदर वाले मार्ग को भी डबल करवाने का कार्य करें ताकि डिवाइडर बनाया जा सके, बवानी खेड़ा शहर में स्वागत द्वार के पास इंट्री/एक्जिट मार्ग बनवाया जाए क्योंकि इसके साथ यहां पर तहसील कार्यालय, थाना कार्यालय, बीडीपीओ, जन स्वास्थय एवं अभियांत्रिकी विभाग, बिजली निगम कार्यालय पड़ते हैं इसके अलावा शहर बवानी खेड़ा की आबादी तकरीबन 30 हजार के करीब है जिसके लिए इंट्री/एक्जिट मार्ग जरूरी है। वहीं बवानी खेड़ा बाइपास के साथ जो सर्विस रास्ते हैं वे कच्चे हैं उन्हें पक्का करवाया जाए ताकि आवागमन में दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। वहीं विधायक कपूर वाल्मीकि व नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि उन्हें आश्वासन मिला है कि ये कार्य जल्द पूरा होगा।

# युवक पर फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ 28 जून की रात को महेंद्रगढ़ रोड पर कन्हैया होटल पर रवि सांगवान को मारी थी गोली

स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने फतेहगढ़ निवासी रवि सांगवान पर फायरिंग करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश ने बताया कि 28 जून रात को महेंद्रगढ़ रोड पर कन्हैया होटल पर रवि सांगवान को गोली मार दी थी। घायल को अस्पताल दादरी में दाखिल करवाया था। पीड़ित ने बताया कि वह 28 जून की रात को वह अपने आफिस मे अंशुल के साथ बैठा था।

अंशुल हुक्का भरने के लिए बाहर गया तो उसके पास एक कार में तीन युवक पहुंचे। गाड़ी से उतरकर एक युवक ने अंशुल के बारे में पूछा। उसी वक्त दादरा निवासी सचिन ने पिस्टल निकालकर फायर किया। पहली गोली उसके समीप से निकल गई जबकि दूसरी गोली उसके हाथ में लगी। उसके बाद वे तीनो गाड़ी में बैठकर लोहारु चौक की तरफ भाग गए।



#### रिमांड पर लिया

मामले में पुलिस ने रतनथल निवासी आरोपी मंजीत उर्फ भोलू , विजय उर्फ कालिया ढाडी बाना व लक्ष्मण उर्फ जॉनी निवासी भागवी को गिरफ्तार कर लिया था। वीरवार को स्पेशल स्टाफ चरखी दादरी ने फायर करने का मुख्य आरोपी सचिन को गिरफ्तार कर लिया, जिसको कोर्ट में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया है।

# रामसिंह कटारिया और विजेंद्र सिंह बने मनोनीत पार्षद, लोगों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

सरकार ने गुरुवार को लोहारू और सिवानी सहित प्रदेश के कई नगर पालिका के मनोनीत पार्षदों के नामों की घोषणा कर दी है। लोहारू शहर निवासी रामसिंह कटारिया और विजेंद्र सिंह को लोहारू नगरपालिका के लिए मनोनीत पार्षद चुना है। दोनों मनोनीत पार्षदों को नगर पालिका चेयरमैन प्रदीप तायल, कृष्ण टीकेवाला, रोहताश लांबा, व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी सहित सभी वार्ड पार्षदों ने बधाई दी है।



रामसिंह कटारिया व विजेंद्र सिंह

मनोनीत पार्षद रामसिंह कटारिया और विजेंद्र सिंह ने कहा कि वे जनता और सरकार के बीच कड़ी का काम करेंगे और शहर के लोगों की शिकायतों के निवारण में कसर नही छोड़ेंगे। उन्होंने मनोनयन पर सांसद चौ धर्मबीर सिंह और पूर्व मंत्री जेपी दलाल सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका वे बखूबी निर्वहन करेंगे। दोनों मनोनीत पार्षदों को शहर के वार्ड पार्षद अंतर ढ्ढूषसह, प्रतिनिधि अश्विनी सैनी, प्रतिनिधि विपिन सैनी, पार्षद अजय शर्मा, पार्षद अशोक सैनी, संजू कुमारी, राजेश सैनी सहित सभी पार्षदों ने बधाई दी है।

# लड़की से छेड़खानी के दोषी को पांच साल की कैद और जुर्माना



**भिवानी।** अदालत ने नाबालिग लड़की का रास्ता रोककर अश्लील शब्दों का प्रयोग करके छेड़खानी करने के बाद जाते समय जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को पांच साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 40 हजार रुपये का जुर्माना किया है।

मामले के अनुसार वर्ष 2024 में थाना सदर पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें नाबालिक लड़की के पिता ने पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें बताया कि 8 फरवरी 2024 शाम के समय नाबालिक लड़की अपनी दादी के साथ ट्यूशन से घर पर आ रही थी जो गांव के शिव मंदिर के पास पहुंचने पर आरोपी के द्वारा नाबालिक लड़की का रास्ता रोककर अश्लील शब्दों का प्रयोग करके छेड़खानी करने के बाद जाते समय आरोपी के द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी।

# गांव बाढड़ा में तेज बरसात से ट्यूबवेल धंसने से बना गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

■ बरसाती पानी से किसान का बोरवैल धंसा लाखों का नुकसान हुआ

■ ग्रामीणों ने नुकसान का जायजा लेकर उचित मुआवजा देने की मांग की

गांव बाढड़ा में पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में हो रही लगातार तेज बारिश के चलते बाढड़ा कस्बे के एक किसान की ट्यूबवेल अचानक जमीन में धंस गई, जिससे लगभग 20 फीट गहरा गड्ढा बन गया। इस हादसे में ट्यूबवेल की मोटर व पाइप पूरी तरह जमीन में समा गए। ग्रामीणों व पीड़ित किसान ने बताया कि इस दुर्घटना में उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब बीती रात से जारी मूसलधार बारिश के कारण खेत की मिट्टी अचानक धंस गई। देखते ही देखते पूरा ट्यूबवेल ढह गया और वहां एक करीब 20 फीट का गहरा गड्ढा बन गया।

ट्यूबवेल के साथ जुड़ा समस्त उपकरण - मोटर, पाइप, वायरिंग आदि सब कुछ धरती में समा गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का जायजा लेकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि मौसम की मार से पहले ही किसान परेशान हैं और अब इस प्रकार की घटनाएं उनकी आर्थिक स्थिति को और अधिक कमजोर कर रही हैं। पीड़ित किसान मुकेश कुमार, करण सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर किसान को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वह दोबारा अपने खेत की सिंचाई की व्यवस्था कर सके। यदि समय रहते प्रशासन ध्यान नहीं देता, तो अन्य किसानों को भी ऐसी ही समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। पिछले एक सप्ताह से हो रही बरसात के कारण गांव बाढड़ा निवासी किसान मुकेश का ट्यूबवेल पूरी तरह नष्ट हो गया है। अत्यधिक जलभराव के चलते ट्यूबवेल की मोटर और पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे उनकी सिंचाई व्यवस्था ठप्प हो गई है और पीने के पानी का संकट पैदा हो गया है। मुकेश ने बताया कि यह ट्यूबवेल ही उनकी मुख्य सिंचाई व्यवस्था का साधन था और इसके नष्ट हो जाने से उनकी खरीफ फसल को खतरा हो गया है और पशुओं के पीने के पानी का भी संकट हो गया है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता और पुनर्स्थापन की मांग की है। किसान ने संबंधित कृषि विभाग और बाढड़ा एसडीएम कार्यालय में भी शिकायत दी है ताकि सरकार उनकी आर्थिक सहायता करे या फिर ट्यूबल चालू करवाने का काम करे ताकि वो पुनः जीवन को सुचारू रूप से चला सके। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर वर्ष ऐसी स्थिति उत्पन्न हो रही हैं।

## ओएसडी हिमांशु चौहान ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

# 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग करवाएं



भिवानी। स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी से सुविधाओं की जानकारी लेते ओएसडी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ चौहान ने विद्यार्थियों से कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के बारे में प्रश्नोत्तर किया

■ विद्यार्थी लगन एवं मेहनत के साथ की गई पढ़ाई से प्राप्त कर सकते हैं अच्छे अंक

शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के ओएसडी हिमांशु चौहान ने दादरी जिले में स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय कन्या वमा विद्यालय सांवड़ और पीएम वमा विद्यालय बौन्दकलां में कंप्यूटर लैब, डिजिटल बोर्ड एवं टैब्स का निरीक्षण किया। चौहान ने विद्यार्थियों से कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के बारे में प्रश्नोत्तर किया। उन्होंने कहा कि छात्रों के प्रशिक्षण के लिए बनाई गई कंप्यूटर लैब में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने कक्षाओं में जाकर डिजिटल बोर्ड के प्रयोग की जांच की एवं छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कहा कि वह पूरी लगन एवं मेहनत के साथ की गई पढ़ाई से अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं तथा पढ़ाई के साथ-साथ आईसीटी लैब तथा भाषा प्रयोगशाला का उपयोग कर 21वीं सदी की स्किल को अर्जित कर अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के विकास के लिए कंप्यूटर, डिजिटल बोर्ड, लैंग्वेज लैब आदि का भरपूर प्रयोग करने के निर्देश दिए। गांव में बिजली की समस्या को देखते हुए विद्यालय मुखियाओं को डिजिटल बोर्ड और लैंग्वेज लैब का टाइम टेबल इस प्रकार बनाने के लिए कहा जिस वक्त बिजली उपलब्ध हो। जिला शिक्षा अधिकारी को नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की हर 15 दिन में करियर काउंसलिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटी सी कोशिश हमारे विद्यार्थियों के भविष्य में करियर को चुनने में उनकी बहुत मदद करेगी। बौन्द कलां स्कूल में डिजिटल बोर्ड, एस्ट्रोनॉमी लैब की काफी सराहना की गई । इस अवसर पर डीईओ वीरेंद्र नारा व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अज्ञात बोलेरो ने कार को मारी टक्कर कार सवार बैंककर्मी घायल, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 709ई पर सात न. चुंगी और चौ बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के बीच कथित रूप से एक अज्ञात बुलेरों ने एक कार को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में कार में सवार बैंक का कर्मचारी व गार्ड घायल हो गए। घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बैंक गार्ड शमशेर सिंह को भिवानी रेफर कर दिया गया।

मौके से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय बैंक कर्मचारी अजय व बैंक गार्ड शमशेर सिंह कार में सवार होकर दादरी गए थे और दादरी से वापिस लौट रहे थे। इस दौरान शहर के चुंगी नंबर सात और चौ बंसीलाल कॉलेज के बीच अज्ञात बोलेरो ने उनकी कार को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर के कारण कार रोड किनारे लगे पेड़ से जा टकराई और पेड़ टूटकर नीचे गिर गया। हादसे में कार में सवार अजय व शमशेर सिंह घायल हो गया।

स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बैंक गार्ड शमशेर सिंह को भिवानी सामान्य अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना लोहारू पुलिस थाने में दी गई। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# बनो अवेयर रहो सेफ



बच्चों से जुड़े अपराध आए दिन सुनने में आते हैं। इसलिए पापा-मम्मी और घर के सभी बड़े सदस्यों को हमेशा तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। सेफ्टी के लिए तुम्हें बहुत-सी बातें भी बताते हैं। इस मामले में तुम्हें स्वयं भी थोड़ा अवेयर-अलर्ट रहना चाहिए। तुम थोड़ी समझदारी और साहस से काम लेकर हमेशा सेफ रह सकते हो।



सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, तुम्हारे मम्मी-पापा और घर के अन्य सभी बड़े मेंबर्स को तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। तुम्हारी सेफ्टी के लिए ये सभी अपनी ओर से हर बात का ध्यान तो रखते ही हैं, तुम्हें बहुत-सी बातें समझाते भी रहते हैं। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए तुम्हारा खुद भी अवेयर रहना जरूरी है। स्कूल कैंपस, नेबरहुड (आस-पड़ोस) और अपने घर में भी, हर जगह तुम्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### समझो सेफ्टी का मतलब

सेफ्टी का मतलब सिर्फ गिरने-पड़ने या चोट लगने से बचना भर नहीं होता। हमारे आस-पास बहुत-सी चीजें और परिस्थितियां असुरक्षित माहौल बना देती हैं। ऐसे में सावधान और सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अनजान लोगों के लिए घर का दरवाजा खोल देना, बिना बताए घर से कहीं जाना, इस तरह की आदतें तुम्हारी सेफ्टी के लिए खतरा हो सकती हैं। अनसेफ चीजों, जैसे- रसोई गैस, इलेक्ट्रिक स्विच, नुकीली चीजों आदि को छेड़ना हार्मफुल हो सकता है। लिफ्ट में आते-जाते या बस में ट्रैवल करते समय दिए गए इंस्ट्रक्शंस को ना मानना तुम्हारे लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। सेफ रहने का मतलब है, किसी भी खतरे में ना पड़ना, हमेशा सावधान-सतर्क रहना।


### करो अपने को प्रोटेक्ट

बच्चो, इस बात को समझो कि तुम्हारी सेफ्टी के लिए सिर्फ बड़ों का तुम पर ध्यान देना ही काफी नहीं। किसी भी मुसीबत या मुश्किल से अपने आपको प्रोटेक्ट करने के लिए, सेफ रहने के लिए तुम्हारा खुद अलर्ट रहना भी जरूरी है। अपनी सेफ्टी-सिक्योरिटी के लिए तुमको भी कॉन्शस रहना चाहिए।

### प्राइवेसी का रखो ध्यान

बच्चो, इन दिनों तुम अकसर 'प्राइवेसी' और 'साइबर सिक्योरिटी' जैसे शब्द सुनते होगे। तुमने मम्मी-पापा या किसी बड़े को डिवाइस या एप्लिकेशन पर डेटा की सेफ्टी के लिए प्राइवेसी सेटिंग करते देखा होगा। असल में यह प्राइवेसी या सिक्योरिटी केवल स्मार्ट गैजेट्स के लिए नहीं होती। नॉर्मल लाइफ में भी हमारा प्राइवेसी को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। अगर कभी पापा-मम्मी और घर के बाकी लोग कहीं बाहर गए हों और तुम घर में अकेले हो तो ऐसे में घर में अकेले रहने की बात तुम दूसरों को कभी नहीं बताओ। पैरेंट्स के फोन में आए कोड या ओटीपी को उनसे पूछे बिना किसी से शेयर नहीं करो। अपने परिवार की हॉलिडे प्लानिंग के बारे में दूसरों को नहीं बताओ। ऐसी कई बातें तुम्हारी सेफ्टी से गहराई से जुड़ी होती हैं। कुछ बुरे लोग तुम्हारी या तुम्हारी फैमिली की इंफॉर्मेशन लेकर अपने गलत इरादों को पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। इसीलिए इन मामलों में तुम्हें सावधानी बरतनी चाहिए। घर की बातें, पर्सनल इंफॉर्मेशंस बाहर न बताने की समझ तुम्हें और तुम्हारी फैमिली को सिक्योर रखेगी।





### जानो गुड टच-बैड टच के बारे में

घर में अकेले रहो या किसी रिलेटिव के यहां जाओ। कोई एक्टिविटी क्लास हो या स्कूल बस में आते-जाते। प्ले एरिया हो या किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी। कहीं भी, किसी का भी टच करना अगर तुम्हें अनकंफर्टेबल करता है, तो घर में अपने मम्मी-पापा को जरूर बताओ। ऐसे लोगों से दूर ही रहो, जिनके साथ तुम अनकंफर्टेबल या इनसिक्योर फील करते हो। अजनबी लोग ही नहीं, कई बार रोज मिलने वाले, अकसर तुम्हारे घर आने-जाने वाले लोग भी तुम्हें मिसगाइड कर सकते हैं। तुम्हें उनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है।

### याद रखो, लालच बुरी बला है

बच्चो, हमेशा याद रखो कि लोग लालच देकर भी तुम्हें कहीं बुलाने का प्रयास कर सकते हैं। खाने-पीने या किसी खिलौने के लालच में आकर कभी किसी के साथ नहीं जाना है। हर चॉकलेट देने वाले अंकल-आंटी अच्छे नहीं होते हैं। कोई यूं लालच देकर कहीं बुलाने की कोशिश करे तो मम्मी-पापा को जरूर बताओ। कभी कोई तुम्हें डराने की कोशिश भी कर सकता है। ऐसे में डरने के बजाय तुम अपने घर में बात करो। अगर तुमसे कोई गलती भी हुई है तो अपने बड़ों से सब बातें बताओ।

ऊपर बताई गई सभी बातें तुम्हारी सेफ्टी के लिए बहुत जरूरी हैं। इसलिए पूरी अवेयरनेस के साथ उन बातों को समझो और इन्हें अमल भी लाओ। कभी किसी विपत्ति से घिरो तो डरो नहीं, इसका मुकाबला समझदारी और साहस से करो। *

छोटी कहानी / उषा शर्मा

शेर, गप्पू गधे को खाने के चक्कर में था, लेकिन गप्पू ने बड़ी समझदारी से काम लिया, जिससे शेर बुरी तरह मात खाया।

# समझदार गधा!

गप्पू गधा मैदान में हरी-हरी घास खाकर मस्त घूम रहा था। तभी सामने से एक शेर आता नजर आया, जो उसी की ओर चला आ रहा था। गप्पू को कुछ सूझ नहीं रहा था, वह क्या करे? पहले तो वह घबरा गया फिर उसे एक युक्ति सूझी। वह एक पैर से लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा।

शेर ने पास आकर गप्पू से पूछा, 'क्यों भाई, क्या हुआ, ठीक से क्यों नहीं चल पा रहे हो?'

'क्या बताऊं भाई, मेरे पैर में बहुत बड़ा कांटा फंस गया है, जो निकल ही नहीं रहा है, इसके कारण चलने में भी परेशानी हो रही है। दर्द भी काफी हो रहा है।' 'कोई बात नहीं, मैं अभी तुम्हें खा जाता हूं, तुम्हारी सारी परेशानी का अंत हो जाएगा।' शेर बोला।

'हां आप खा तो सकते हैं लेकिन मुझे अपनी नहीं, आपकी चिंता है महाराज।' गधे ने शांत स्वर में कहा। 'वह क्यों?' शेर ने पूछा। 'अरे, मेरे दाहिने पैर में बहुत बड़ा मोटा और लंबा कांटा चुभ गया है, जो पैर में फंसा हुआ है। मुझे डर है कि कहीं यह कांटा आपको नुकसान न पहुंचाए, यह कांटा आपके गले में फंस जाए और आपको तकलीफ होगी तो।' गप्पू मुंह बनाकर बोला।

'यह भी सही है, ऐसा करते हैं कि पहले मैं तुम्हारे पैर से कांटा निकाल देता हूं फिर तुम्हें खा लूंगा, जिससे तुम्हारा दर्द भी खत्म हो जाएगा और मुझे नुकसान भी नहीं होगा। ठीक है, अभी तुम जिस पैर में कांटा लगा है, वह पैर थोड़ा ऊपर करके खड़े हो जाओ।' कहते हुए शेर, गप्पू गधे के पीछे खड़ा हो गया।



जैसे ही गप्पू ने खड़े होकर अपना दायां पैर उठाया और शेर उसके पैर में फंसे कांटे को निकालने की कोशिश में लगा कि गप्पू ने शेर के मुंह पर जोर से अपनी लात मारी। शेर बुरी तरह तिलमिला गया। उसके मुंह और नाक से खून बहने लगा। शेर दर्द से बिलबिला उठा। उधर गप्पू गधा अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। शेर देखता ही रह गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती बाल कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले हंसाती-गुदगुदाती अठारह बाल कहानियों की किताब 'लिलिपुट कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा, क्योंकि इनको खिलंदड़े अंदाज में लिखा गया है। लेकिन हंसाते-गुदगुदाते ही ये कहानियां सरलता से हमें अच्छा इंसान बनने की सीख भी देती हैं। फिर वो चाहे नन्ही जूही की कहानी 'सीख मिल गई' हो, जिसमें वह एक गुब्बारे पर स्केच से आंखें बनाकर उसे खुशी देती है। या फिर 'भविष्य का भूत' कहानी हो, जिसमें एक भूत आकर मनु को दुनिया के सामने आने वाले संकटों के बारे में आगाह करता है। 'दहीवाला, पुलिसवाला' और 'लाल सिंह की बस' पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। 'दहीवाला, पुलिसवाला' कहानी में एक अनोखे दही-फल बेचने वाले का किस्सा है, जो बच्चों के साथ खूब मस्ती-मजाक भरी बातें करता है, जिसे सुनकर बच्चे हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। 'स्कूल भाग गया', 'कहानी का पेड़', 'नीली कार चली अकेले-अकेले' और 'चूहा चला स्कूल' फैंटेसी से भरी कहानियां हैं। इसी तरह एक भेड़िए की अकल ठिकाने कैसे आती है, यह तुम 'एक भेड़िए की दुःख भरी कहानी' में पढ़ सकते हो, तो 'जिराफ चला अपनी तलाश में' में तुम एक ऐसे जिराफ की कहानी पढ़ोगे, जिसे खुद नहीं मालूम कि वो क्या चाहता है? एक शेर के बच्चे और नन्हे लड़के शेरू की मासूम सी कहानी है 'दोस्ती-दुश्मनी'। इस किताब की बाकी कहानियां भी बहुत प्यारी हैं। इन सारी कहानियों को तुम अपने दोस्तों के संग भी पढ़कर इनका मजा ले सकते हो। *



**किताब** : लिलिपुट कहानियां, **लेखक** : समीर गांगुली,
**मूल्य** : 280 रुपए, **प्रकाशक** : अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली



कहानी
पूर्ति खरे

किसी परेशानी या मुसीबत में फंसने पर हम अकसर घबरा जाते हैं। चारू की स्कूल बस छूट गई तो वह घबरा गई। लेकिन साथ खड़े उसके दोस्त ध्रुव ने उसे समझाया, इस तरह परेशानी में कभी घबराना नहीं चाहिए, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। चारू को ध्रुव की बात कितनी समझ में आई, क्या वह अपनी परेशानी से उबर पाई?

# परेशानी में मत घबराना

चारू का आज स्कूल में डांस प्रोग्राम था। पहले से ही वह अपने डांस परफॉर्मेंस को लेकर घबराई हुई थी, उस पर उसकी स्कूल बस भी छूट गई। बस छूटने पर वह सड़क पर खड़ी होकर सुबक-सुबक कर रोने लगी। चारू के साथ खड़ा उसका दोस्त ध्रुव बोला, 'अरे! रो क्यों रही हो? स्कूल बस ही तो छूटी है, कौन-सी आफत आ गई। घर चलो, हम अपने पापा के साथ स्कूल चलते हैं।'

'नहीं ध्रुव! अब तो देर हो जाएगी। मेरे डांस का क्या होगा? घर वापस गए तो मम्मी-पापा भी डांटेंगे।' यह कहती हुए चारू सुबक-सुबक कर रोने लगी।

'तो फिर क्या करें, मैं भी तुम्हारी तरह खड़े होकर रोऊं क्या?' ध्रुव अबकी कुछ गुस्से से बोला तो चारू बोली, 'क्यों न हम बस के पीछे तेज दौड़ लगाकर उसे पकड़ लें। बस अभी आगे कई जगह बच्चों को लेने के लिए रुकेगी।'

'तेरा दिमाग खराब है क्या! सड़क पर इस तरह से दौड़ना खतरे भरा काम है। मेरी बात मान, अब देर मत कर और घर चल।' ध्रुव ने चारू का हाथ पकड़ा और उसे घर ले आया। चारू के पापा ने बस छूटने की बात सुनकर तुरंत अपनी कार निकाली। दोनों बच्चो को कार में बैठा कर स्कूल के लिए चल दिए।

चारू अब भी रोए जा रही थी। पापा ने प्यार से समझाया, 'बेटा, हम आराम से टाइम पर स्कूल पहुंच जाएंगे। तुम चिंता मत करो, रोना बंद करो!'

ध्रुव भी तुरंत बोला, 'अंकल, यही बात तो मैं भी कब से इसे समझा रहा हूं। इसकी तो छोटी-छोटी परेशानियों में ऐसे ही रोने की आदत है। मेरे पापा कहते हैं कि मुश्किल समय में घबराकर नहीं, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए।'




'ध्रुव तुम्हारे पापा बिल्कुल सही कहते हैं। घबराहट में हम अकसर गलत और उल्टे-पुल्टे फैसले ले लेते हैं।' चारू के पापा ने ध्रुव की बात का समर्थन किया।

ध्रुव ने अपना एक मुश्किल समय का किस्सा सुनाया, 'पता है चारू! एक बार मैं अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में गया था, वहां पर काफी भीड़ थी। गलती से मेरा हाथ मां के हाथों से छूट गया और मैं पीछे रह गया।'

चारू की धड़कनें यह सुनकर बढ़ गईं, वह बोली, 'फिर तुम खो गए?'

ध्रुव ने बताया, 'नहीं चारू, खो जाता तो तुम्हारे साथ स्कूल कैसे जाता। मैं बिना घबराए एक पुलिस अंकल के पास गया, उन्हें मैंने अपने पापा का मोबाइल नंबर बताया। पुलिस अंकल ने नंबर डायल किया, लेकिन पापा का नंबर नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण नहीं मिला।'

'फिर...?' चारू को आगे की बात जानने की जिज्ञासा हुई।

'फिर क्या, जहां खोए-बिछड़े लोगों की अनाउंसमेंट हो रही थी, पुलिस अंकल मुझे लेकर वहां पहुंचे और माइक पर अनाउंस करके पापा को उसी जगह पर बुला लिया। पापा मिल गए, बस!' ध्रुव ने हंसते हुए बताया।

चारू के पापा ध्रुव को शाबाशी देते हुए बोले, 'वाह! क्या बात है ध्रुव! अगर परेशानी, मुसीबत में धैर्य और समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से हर मुसीबत से बाहर निकल सकते हैं।'

पापा, ध्रुव की बातें सुनकर चारू सोच रही थी कि स्कूल बस छूटना तो एक छोटी-सी बात है, इतनी-सी बात से वह क्यों घबरा गई, जबकि उसका दोस्त ध्रुव बड़ी मुसीबत में भी नहीं डरा। यह सोचते हुए उसने फैसला लिया कि आगे से वह किसी भी परेशानी से इस तरह घबराएगी नहीं, आराम से उससे निकलने की कोशिश करेगी और हमेशा समझदारी से काम लेगी। क्योंकि किसी भी बुरी स्थिति में घबराकर नहीं, हिम्मत, सूझ-बूझ और धैर्य से ही काम लेना चाहिए। इससे मुसीबत में उबरने का रास्ता मिलता है।'

स्कूल आ गया था। चारू के भीतर की घबराहट अब गायब हो चुकी थी। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। *

कविता
हरीश कुमार 'अमित'



## मौसम बारिश का

फिर मौसम बारिश का आया,
रिमझिम देखकर मन हर्षाया।
बारिश की बूंदों ने भर दी,
कैसे सुख से सबकी काया।
टप-टप गिरती बारिश ने कैसा,
मधुर-मधुर संगीत सुनाया।
सड़क पे बहते पानी में मैंने,
कागज की नावों को तैराया।
पापा बोले- तल दो भजिया,
दादा जी ने हलवा बनवाया।
यहां-वहां-जहां भी देखो,
छाता ही छाता लहराया।
मेंढक जी सोते से जागे,
टर्र-टर्र अपना राग सुनाया।
गरमी जी हो गईं छूमंतर,
बारिश जी का जमाना आया।
ओढ़ा दी बारिश ने धरती पर,
हरी-हरी मनमोहक छाया।

## जीके क्विज-161

1. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
2. 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक किसने जीता?
3. भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख कौन नियुक्त हुए हैं?
4. प्लासी का युद्ध किस ईस्वी में लड़ा गया था?
5. अर्जेंटीना की राजधानी कहां है?
6. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
7. रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने वाली डिवाइस का नाम क्या है?
8. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
9. विद्युत बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
10. दुनिया में कितने महाद्वीप हैं?



**बच्चो, जीके क्विज-161 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-160 का उत्तर** : 1.शुभांशु शुक्ला, 2.भारत और श्रीलंका, 3.भारत, 4.ज्योतिबा फुले, 5.केरल, 6.चंद्रमा, 7.अरुणाचल प्रदेश, 8.शहनाई, 9.मेजर ध्यानचंद, 10.विटामिन सी

**जीके क्विज-160 का सही उत्तर देने वाले** : सौरभ- बिलासपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, रेशमा-राजनांदगांव, रवि-बलौदा बाजार, पल्लवी-महासमुंद, चंचल-ईमेल से, कबीर-हिसार, दुर्गा-सीतापुर, सौम्या-रायपुर, ललित- भोपाल

## रंग भरो 180

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## रंग भरो-179

**रंग भरो-179** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





अंकित, धमतरी



वसनि, रायपुर



भव्या, बिलासपुर



तन्मय, दुर्ग



डॉली, दुर्ग



तेजस, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, रोहन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

## खबर संक्षेप



भिवानी। प्राचार्य के साथ छात्र परिषद के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### विद्यालय के 62 सदस्यीय छात्र परिषद को दिलवाई पद एवं गरिमा की शपथ

**भिवानी।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास का शैक्षणिक सत्र 2025-2026 का अलंकरण समारोह गत नौ जुलाई को बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मोहिंदर सिंह ने की। इस मौके पर विद्यालय के 62 सदस्यीय छात्र परिषद को पद व गरिमा की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने सैशे व ध्वज प्रदान कर छात्र परिषद को सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि छात्र परिषद का निर्माण विद्यार्थियों में नेतृत्व के गुणों को विकसित करने के लिए किया जाता है। भविष्य में ऐसे विद्यार्थी ही भारत के विभिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व कर देश के सच्चे और अच्छे नागरिक बनेंगे।

### वर्ल्ड पुलिस फायर गेम में दिखाया था मुक्के का दमखम

# गोल्ड मेडल जीतने वाली धनाना की बहू दर्शना का किया स्वागत

- हरियाणा में रोजाना आ रहे मेडलों में बेटों के साथ-साथ बेटियों का भी बड़ा योगदान : सांसद धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मिनी क्यूबा की बॉक्सर बेटियों के मुक्के की धमक पूरी दुनिया में सुनाई देती है और अब यहां की बहू भी पीछे नहीं हैं। इसमें पहला उदाहरण और बड़ा नाम जिले के गांव धनाना की बॉक्सर बहू दर्शना घणघस का है, जिसने अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस फायर गेम में 54 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीता है।

दर्शना की जीत पर धनाना गांव के जाटू खाप-84 के ऐतिहासिक चबूतरे पर उनका भव्य स्वागत किया, जिसमें सांसद धर्मबीर सिंह समेत हजारों लोग पहुंचे। सम्मान समारोह में पहुंचे भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा किसानों, जवानों, पहलवानों और खिलाड़ियों की भूमि है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों से हररोज मेडल आ रहे हैं, जिसमें बेटों के साथ बेटियों का भी बड़ा योगदान है। सांसद ने उम्मीद जताई कि दर्शना एक दिन ओलंपिक में मेडल लेकर देश व बेटियों का गौरव बढ़ाएगी। इस दौरान सांसद ने जाटु खाप-84 के ऐतिहासिक चबूतरे सामने शैड लगवाने की घोषणा भी की। इस मौके पर चेयरमैन दलीप सिंह धनाना ने कहा कि उनकी पौत्रवधु दर्शना की जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भिवानी की धरती खेल प्रतिभाओं से भरी हुई है, उनकी उपलब्धि न केवल धनाना गांव के लिए, बल्कि पूरे हरियाणा के लिए प्रेरणास्रोत बनी है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, बस उन्हें अपनी प्रतिभा को पहचाना होगा। इस दौरान बॉक्सर दर्शना घणघस ने कहा कि उन्हें पुलिस विभाग व परिवार का पूरा सहयोग मिला। दर्शना ने कहा कि उनकी मां ने केवल जन्म दिया, लेकिन उनकी सासु मां ने उसके सपनों को उड़ान भरने के लिए पंख लगाए और हर समय उन्हें प्रोत्साहित किया, जिससे आज वह इस मुकाम तक पहुंच सकी हैं। दर्शना का कहना है कि अब वो एशियन गेम की तैयारी करेंगी।



भिवानी। पदक विजेता दर्शना घणघस का अभिनंदन करते खेलप्रेमी। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। पदक विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में ललित ने स्वर्ण व वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में जुगनू ने जीता रजत पदक

- वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स व वर्ल्ड कप में पदक विजेता मुक्केबाजों का मिताथल में किया स्वागत

**भिवानी।** मिताथल के शहीद भगत सिंह चौक पर सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन करने वाले मुक्केबाजों को सम्मानित किया। अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज ललित व कजाकिस्तान में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में रजत पदक विजेता मुक्केबाज जुगनू के साथ-साथ कप में प्रतिभागी रहे सचिन का उनके गृह गांव में जोरदार अभिनंदन किया। इस मौके पर तीनों खिलाड़ियों के कोच टेकराम अहलावत का ग्रामीणों ने जोशी से स्वागत किया। समारोह में मुख्यतिथि के तौर पर अर्जुन अवार्डी राजकुमार सांगवान, अर्जुन अवार्डी दिनेश बॉक्सर, भीम अवॉर्डी सुनील सिवाच ने शिरकत की। समारोह में गांव के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं और खेलप्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी। शहीद भगत सिंह चौक पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह और फूल मालाएं भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने ललित व जुगनू की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की, जिसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्वर्ण व रजत पदक जीतने में मदद की। मुक्केबाज ललित, जुगनू व सचिन ने सम्मान के लिए ग्रामीणों का आभार जताया। और अपनी जीत का श्रेय अपने प्रशिक्षकों, परिवार और ग्रामीणों को दिया। इस अवसर पर जाटु चौरासी खाप के प्रधान कैप्टन भीमसिंह, कर्नल उमेद सिंह, सरपंच मीना देवी, सरपंच प्रतिनिधि नरेश, पूर्व सरपंच जयवीर सिंह, समाजसेवी अशोक सिवाच, सुधीर हवलदार, पवन पहलवान, उमेद पंच, रणबीर कालुवास आदि मौजूद रहे।

### 45 वर्ष से अधिक वालों को मिलेंगे फ्री चश्मे

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के नागरिक अस्पताल में उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान के तहत 45 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष महिलाओं को मुफ्त में चश्में वितरित किए जाएंगे। जानकारी देते हुए चिकित्सा अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह 8 बजे लाभार्थियों को अस्पताल में पहुंचकर अपना आधारकार्ड लेकर इंट्री करवानी होगी ताकि उन्हें लाभ मिल सके। चिकित्सा अधिकारी ने इच्छुक लाभार्थियों से समय पर पहुंचने का आहवान किया।

### उपायुक्त कार्यालय पर माकपा का प्रदर्शन आज

**भिवानी।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी 11 जुलाई को शुक्रवार के दिन बढ़ाई गई बिजली दरों व सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सरसों तेल के दो लीटर के 40 रुपये से 100 रुपये बढ़ाने के विरोध में उपायुक्त कार्यालय पर बजे प्रदर्शन कर बढ़ोतरी वापस करवाने के लिए उपायुक्त के माध्यम से मुख्य मन्त्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। माकपा जिला सचिव ओमप्रकाश ने बताया कि अभी हाल ही में हरियाणा विधुत नियामक आयोग ने बिजली दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट से 45 पैसे प्रति यूनिट अत्याधिक बढ़ोतरी कर दी है।

## बंसल वैश्य एजूकेशन सोसायटी के कार्यकारी सदस्य चुने गए

भिवानी



समाजसेवी दीपक बंसल लगातार 10 वर्षों से वैश्य एजूकेशन सोसायटी रोहतक के कार्यकारी सदस्य चुनते आ रहे है और इस साल तो निर्विरोध चुने गए। दीपक बंसल भिवानी की लगभग सभी संस्थाओं में पदाधिकारी है।

कदम हॉस्पिटल में कार्यकारी निर्देशक, हरियाणा प्राकर्तिक चिकित्सालय में मुख्य सचिव, अग्रसेन भवन ट्रस्ट में उप-प्रधान, आदर्श महिला कॉलेज में कार्यकारी सदस्य, ग्रीन सोसाइटी में संरक्षक, हांसी गेट व्यापार मण्डल में संरक्षक, भिवानी दवा विक्रेता संघ के संरक्षक, वैद ट्रस्ट के ट्रस्टी, श्रीराम सेवा समिति के संरक्षक है । दीपक बंसल ने बताया की मेरे जीवन का उद्देश्य मानव जीवन की रक्षा करना तथा मानव जीवन में उपयोग में आने वाली मूलभूत सुविधाओं का मुहैया कराना है। लगातार 10 सालों से है चुनते आ रहे है।

## हड़ोदी में बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

- बिजली कर्मचारियों को फॉल्ट न मिलने से लोग परेशान

हड़ोदी में बिजली की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा हाल ही में कर्मचारियों का तबादला कर दिया गया है, लेकिन नए कर्मचारियों को न तो गांव की सही जानकारी है और न ही बिजली फॉल्ट के स्थलों का पता, जिसके कारण बार-बार बिजली गुल हो रही है और समाधान समय पर नहीं मिल पा रहा। ग्रामीण से विभाग के अधिकारियों व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया तथा जल्द समाधान की मांग की है। ग्रामीण संदीप, धर्मपाल, सुरेश, जमात अली, बिमला, ईश्वर, राजपाल, पवन, कृष्ण कुमार लीलाराम, समाज सेवी जगवीर चांदनी, सुरेंद्र, माया देवी ने बताया कि बिजली फॉल्ट आने पर अब न तो कोई कर्मचारी समय पर आता है, और न ही सही ढंग से मरम्मत होती है। पहले जो कर्मचारी थे, उन्हें गांव की हर गली-मोहल्ले की जानकारी थी और वे तुरंत फॉल्ट ढूंढकर सुधार देते थे। अब हालात ये हैं कि तीन, चार दिन से बिजली की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग ने बिना किसी स्थायी व्यवस्था के ही पुराना स्टाफ हटा दिया, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई, खेतीबाड़ी और घरेलू कार्य सभी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग और प्रशासन से मांग की है कि या तो पुराने कर्मचारियों को वापस नियुक्त किया जाए या नए कर्मचारियों को गांव की भली-भांति जानकारी देकर उनकी तैनाती की जाए ताकि समय पर बिजली फॉल्ट दूर हो सके और गांव को नियमित बिजली आपूर्ति मिल सके। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पिछले चार दिनों से बिजली की समस्या बनी हुई है जिसको लेकर ग्रामीणों में बिजली विभाग व प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है। ग्रामीण से विभाग के अधिकारियों व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया तथा जल्द समाधान की मांग की है। बिजली विभाग के एसडीओ रामसिंह ने बताया कि जो फॉल्ट था उसे रात को ही ठीक कर दिया था बरसात के मौसम में समय लगता है कर्मचारियों की बदली तो होती रहती है अब बिजली की कोई समस्या नहीं है। ग्रामीणों को धीरज रखना चाहिए।



### नाहड़िया-सुंदर कुमार बने नपा के मनोनित पार्षद

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के श्रीभगवान नाहडिया एवं सुंदर रबारी को नगर पालिका के मनोनित पार्षद के रूप में चुना गया है। दोनों पार्टी में आस्था और विश्वास रखते हैं व चुनावों में भी अपनी अहम भूमिका अदा की है। श्रीभगवान नाहड़िया बीती योजना में नपा चेयरपर्सन रह चुके हैं तो सुंदर रबारी ने भी पार्षद चुनाव में अपनी अहम भूमिका अदा की है। दोनों को नपा पार्षद मनोनित किए जाने पर बधाईयों का तांता लग गया और उन्होंने बताया कि वे चेयरमैन व अन्य साथी पार्षदों से मिलकर शहर को विकास के मामले में आगे ले जाने का काम करेंगे। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी, विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री, जिला प्रधान सहित पार्टी आलाकमान का धन्यवाद किया।

### राज्य शिक्षक पुरस्कार के आवेदन का आज अंतिम दिन

**चरखी दादरी।** शिक्षा विभाग हरियाणा की ओर से योग्य अध्यापकों से राज्य शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लिंक 11 जुलाई तक एक्टिव रहेगा। योग्य और पात्र अध्यापक लिंक के माध्यम से अपना आवेदन कर सकते हैं।

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि उक्त लिंक पर 'राज्य शिक्षक पुरस्कार-2025 से संबंधित सभी दिशा-निर्देश, निर्धारित मापदंड एवं पुरस्कारों की संख्या तथा अन्य जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य शिक्षक पुरस्कार पाने वाले शिक्षक को प्रोत्साहन राशि के तौर पर एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। शिक्षक को प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ एक रजत पदक, एक प्रमाणपत्र, एक शाल के साथ संपूर्ण भावी सेवा के लिए महंगाई भत्ते के साथ दो अग्रिम वेतन वृद्धियां भी मिलेंगी।

## 10 के सिक्के अस्वीकार करने वालों पर कार्रवाई हो

- भारतीय मुद्रा को स्वीकार करने से इनकार करना आर्थिक लेनदेन को करता है प्रभावित : दीपक अग्रवाल तौला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जनकल्याण सहयोग संगठन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक अग्रवाल तौला ने भिवानी के एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वैध मुद्रा घोषित किए जाने के बावजूद 10 रुपये के सिक्के और अन्य प्रचलित सिक्कों को स्वीकार करने से इनकार करने वाले व्यक्तियों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में दीपक अग्रवाल तौला ने इस बात पर जोर दिया कि बाजार में 10 रुपये के सिक्कों को लेकर लगातार भ्रम की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण कई दुकानदार और सेवा प्रदाता इन्हें स्वीकार करने से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति आम जनता, विशेषकर छोटे व्यापारियों और दैनिक उपभोक्ताओं के लिए बड़ी असुविधा का कारण बन रही है। तौला ने बताया कि आरबीआई ने कई बार स्पष्ट किया है कि 10 रुपये के सभी सिक्के, जिनमें अलग-अलग डिजाइन और चिह्नों वाले सिक्के भी शामिल हैं, कानूनी रूप से वैध मुद्रा हैं।



भिवानी। दस रुपये का सिक्का लेने से इंकार करने के विरोध में ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### दस रुपये के बंडल बैंक से सीधे लेने का आरोप

दीपक अग्रवाल ने कहा कि इसके अलावा कुछ व्यापारियों 10 रूपये के नोटों के बंडल बैंक से सीधे तौर पर ले लिए जाते है तथा उन्हे ब्लैक में 1600 से 1700 रूपये तक में बेचते है। इस पर भी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में एसडीएम से आग्रह किया गया है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दें कि वे उन लोगों या प्रतिष्ठानों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करें जो वैध भारतीय मुद्रा को स्वीकार करने से इनकार करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे कृत्यों से न केवल आर्थिक लेनदेन बाधित होता है, बल्कि आरबीआई की विश्वसनीयता और देश की मौद्रिक प्रणाली पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक मामनचंद अग्रवाल, पंकज गोयल, दीपक गोयल व अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

### ग्रुप-सी की वेटिंग लिस्ट व ग्रुप डी के चयनित स्पोर्ट्सपर्सन की ज्वाइनिंग को मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

**भिवानी।** हरियाणा में ग्रुप-सी के पदों की वेटिंग लिस्ट जारी करने और अगस्त व अक्टूबर 2024 में जारी की गई ग्रुप डी की लिस्ट में चयनित (ईएसपी) स्पोर्टस केटेगरी के उम्मीदवारों की ज्वाइनिंग की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाने के लिए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में अभ्यार्थी 13 जुलाई को माकपा जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश व जपतप संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामजस के नेतृत्व में हुडा पार्क में सुबह 10 बजे एकत्रित होंगे। इसके बाद अभ्यार्थी शांतिपूर्ण तरीके से भीम स्टेडियम पहुंचेंगे तथा वहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मांगपत्र सौंपकर ग्रुप सी की वेटिंग लिस्ट जारी करने व अगस्त व अक्टूबर में जारी की गई ग्रुप डी की लिस्ट में चयनित (ईएसपी) स्पोर्टस केटेगरी के उम्मीदवारों की जल्द से जल्द ज्वाइनिंग की मांग करेंगे।



भिवानी। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों के साथ प्रतिभागी।

### केएम पब्लिक स्कूल में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने करवाया ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने'मैं बनना चाहता हूँ'विषय पर अपनी रचनात्मकता दिखाते हुए अपनी-अपनी कलाकृति को रंगों से सजाया। प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी-ए से महरमु केश ने प्रथम, भव्य द्वितीय व तेजस तृतीय, कक्षा दूसरी-बी से युवानी प्रथम, विवान द्वितीय, पुण्या तृतीय तथा कक्षा दूसरी-सी से तिरिषा प्रथम, कर्तव्य द्वितीय तथा उदिश भाटिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसबीआई की तरफ से रोहताश कुमार, जिला बिक्री प्रबंधक,राजेश कुमार, सहायक एजेंसी प्रबंधक, निशु जांगड़ा, लाइफ मित्र, भिवानी शाखा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्या रेनू सैनी, उपप्राचार्या नीलम गौतम, प्राथमिक विंग प्रभारी अंजु पोपली तथा गतिविधि प्रभारी सारिका पंडित उपस्थित रहे।

## फरटिया ने किया धन्यवादी दौरा

- राजनीति करने नहीं बल्कि जनता की सेवा करने आया हूं: राजबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

लोहारू विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक राजबीर सिंह फरटिया ने इन दिनों लोहारू हलके के गांवों में धन्यवादी दौरे शुरू कर रखे हैं। इसी कड़ी में राजबीर फरटिया ने हलके के गांव चहड़, बिठ्ठन सहित अनेक गांवों का दौरा किया और लोगों से रूबरू हुए।

इस दौरान उन्होंने चुनावों में भारी बहुमत के लिए लोगों का आभार प्रकट किया और कहा कि वे हलके में राजनीति करने नही बल्कि जनता की सेवा करने आए हैं। वे हलके के लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पद उनके लिए एक दायित्व है, जिसे वे पारदर्शिता, संवेदनशीलता और पूर्ण समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि लोहारू क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना उनका पहला लक्ष्य है। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे लोहारू के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे।



लोहारू। लोहारू के ग्रामीण जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीण सभा में मौजूद विधायक राजबीर फरटिया व अन्य।

### गांव सागवान में बनेगा सार्वभौमिक दूहन खाप का भवन

**तोशाम।** गांव सागवान में दूहन खाप का सार्वजनिक भवन बनाया जाएगा जिसके लिए ठेकेदार राम अवतार दूहन ने एक एकड़ जमीन दान की है। उल्लेखनीय है कि दूहन गोत्र का निकास सागवान गांव से माना जाता है। इसी संदर्भ में सार्वभौमिक दूहन खाप के प्रधान सोनू मालपुरिया गांव में पधारे व खाप का भवन निर्माण करने के बारे में गांव के गणमान्य व्यक्तियों के साथ मुलाकात की। चर्चा के दौरान ठेकेदार रामअवतार दूहन ने खाप भवन निर्माण के लिए स्वेच्छा से 1 एकड़ जमीन दान में देने की पेशकश की। इस अवसर पर बेदू दूहन सहित समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बताया की जब-जब समाज को कल्याण के कार्य निष्पादन में संस्थान खड़ा करने की जरूरत महसूस होती रही है तब-तब इसी समाज में से दानदाताओं की कोई कमी नहीं रही व समाज का कोई काम अधूरा नहीं रहा।

### कांग्रेस का वजूद हो चुका है खत्म : जयसिंह वाल्मीकि

**भिवानी।** राज्यसभा सांसद किरण चौधरी द्वारा चमार बस्ती शब्द के इस्तेमाल पर उठे विवाद के बीच वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने किरण चौधरी का बचाव किया है। उन्होंने कांग्रेसियों पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए किरण चौधरी के खिलाफ दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने चमार बस्ती शब्द के प्रयोग को लेकर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के खिलाफ निराधार आरोप लगाकर कांग्रेसी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे है। क्योंकि कांग्रेस का वजूद अब खत्म हो चुका है तथा उसके पास मुद्दे नहीं बचे। ऐसे में राज्यसभा सांसद किरण चौधरी द्वारा अपने क्षेत्र के विकास कार्यो के लिए किए जा रहे सराहनीय कार्यो से बौखलाए कांग्रेसी अब निराधार आरोप लगाकर राज्यसभा सांसद किरण चौधरी को बदनाम करने का नाकाम प्रयास कर रहे है।

### पुरस्कार के लिए आवेदन शुरू, 31 जुलाई तक करें

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025 के लिए गृह मंत्रालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आगामी 31 जुलाई तक अवार्ड पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय एकीकरण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं व संगठनों से नामांकन के लिए आह्वान किया। सरकार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर यह पुरस्कार शुरू किया है।

### जनसंवाद को सशक्त बना रहा है समाधान शिविर

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर की अध्यक्षता सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने की। उन्होंने उपस्थित नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

### जननायक जनता पार्टी का युवा जोड़ों कार्यक्रम जारी

## हुड्डा ने भाजपा से सेटिंग कर कांग्रेस का आया राज गवाया: चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चैटाला ने हल्का बवानीखेड़ा में युवा जोड़ों कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि जो युवा उमस भरी गर्मी ,भारी बारिश में साथ दे रहा है उसका अहसान समय आने पर सवाया करके लौटाऊंगा। दिग्विजय सिंह चैटाला ने कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भाजपा की सांठगांठ पर बोलते हुए कहा की यदि हुड्डा सभी को साथ लेकर चलते और हर हलके में 10-10 टिकट ना बांटते तो भाजपा खत्म थी। हुड्डा ने घर आई लक्ष्मी और लोगों की भावना को ठुकराया वहीं भाजपा कटाक्ष करते हुए कहा कि केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत की डिनर डिप्लोमेसी पर बोले कि राव साहब लॉबिंग तक सीमित ना रह कर बड़े फैसले लें। एक पड़ाव पर बगावत कर लड़ाई लड़नी पड़ती है,जनता लड़ाई लड़ने वालों का ही साथ देती है। दिग्विजय चैटाला बवानी खेड़ा में युवा जोड़ो अभियान की शुरुआत करने पहुँचे थे ।वो यहां तेज बारिश के बाद भी लोगों के बीच डटे रहे और भाषण देते रहे।



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा में संबोधित करते हुए दिग्विजय चैटाला। फोटो : हरिभूमि

#### भाजपा के एमएलए या मंत्रियों की चपरासी भी नहीं सुनता

भिवानी जिला के दौरे पर निकले जेजेपी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चैटाला बारिश के बीच हरियाणा सरकार व कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि बदलाव आएगा, दुष्यंत सीएम बनेगा और फिर किसान, कमेरे व गरीब की सरकार होगी। दिग्विजय चैटाला ने सबसे पहले कहा कि आज बारिश के बीच जारी कार्यक्रमों से चैटाला साहब के कहे अनुसार तय हो गया कि हम गर्मी या सर्दी की परवाह किए बैगर स्व. देवीलाल की नीतियों पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ये ताकत बदलाव लाएगी और दुष्यंत चैटाला सीएम बनेंगी। उसके बाद प्रदेश में किसान कमेरे व गरीब की सरकार होगी। वहीं लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जेजेपी की हार पर दिग्विजय चौटाला ने पूर्व सीएम भूपेन्द्र हुड्डा को जिम्मेदार ठहराया और हुड्डा को उन्होंने मार्केट का नया प्रॉजेक्ट बता डाला। दिग्विजय ने कहा कि जनता नए प्रॉजेक्ट के झाँसे में आ गई थी पर हुड्डा ने पुत्र मोह में सब डूबो दिया। उन्होंने कहा कि हुड्डा सैलजा जैसी नेताओं को साथ लेकर चलते और हर हलके में 10-10 टिकट ना बांटते तो बीजेपी खत्म हो चुकी थी। दिग्विजय ने कहा कि हुड्डा ने लोगों की भावनाओं व घर आई लक्ष्मी को ठुकरा दिया। साथ ही दिग्विजय ने हरियाणा सरकार व सीएम पर भी निशाना साधा और कहा कि कमजोर सरकार में गुंडे ना गुंडागर्दी छोड़ रहे और ना हरियाणा। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के एमएलए या मंत्रियों की चपरासी भी नहीं सुनता।

### चार सदस्य बने प्राथमिक सहायता प्रवक्ता

**भिवानी।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी भिवानी के चार सदस्यों महेंद्र, सोनू कुमार, सोनिया व गोलची ने सेंट जोन एंबुलेंस (इंडिया) हरियाणा राज्य शाखा की ओर से दी गई प्राथमिक सहायता प्रवक्ता की ट्रेनिंग को पास किया है। इसके साथ वे प्राथमिक सहायता के प्रवक्ता बन गए। सेंट जोन एंबुलेंस की ओर से ट्रेनिंग कोर्स के परिणाम जारी होने के बाद रैडक्रॉस परिवार में खुशी की लहर है। चारों सदस्यों को सोयायटी के अधिकारियों, सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रशिक्षण के बाद भिवानी लौटने पर जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने चारों सदस्यों को उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए उपायुक्त एवं रैडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता की ओर से सम्मानित किया।

### शहीद मॉडल विद्यालय में किया पौधरोपण

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य संतोष भाकर के मार्गदर्शन में व एनएनएस कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार तथा इको क्लब इंचार्ज गरिमा के नेतृत्व में इको क्लब के द्वारा संचालित किया गया। प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि सरकार द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया गया है इसके अंतर्गत सभी को एक पेड़ लगाकर मेरी लाइफ पोर्टल पर उस पौधे की टैगिंग करवानी है। इस अभियान के तहत विद्यालय द्वारा 160 पौधे लगाए गए। प्राचार्या संतोष भाकर ने छात्रों को बताया कि स्वच्छ पर्यावरण व प्राण वायु के लिए पृथ्वी पर पौधों का होना अत्यावश्यक है। उन्होंने छात्रों को अपने अपने जन्मदिवस पर भी पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप



### गुरु के बिना ज्ञान असंभवः प्रवेश

**चरखी दादरी।** गुरू पूर्णिमा पर शहीद धर्मेश सांगवान रामावि खेड़ी बत्तर में मुख्यध्यापिका पूनम बूरा व शिक्षक रविंद्र सांगवान की अगुवाई में बच्चों को जीवन में गुरू के महत्व से परिचित करवाया। गुरूजनों ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में अधिक से अधिक तरक्की करें। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना जीवन में ज्ञान मिलना असंभव है।

### स्वामी डॉ. सदानंद को किया सम्मानित

**भिवानी।** दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी आश्रम के परमहंस राधिका धाम में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संतों, विद्वानों और भक्तों ने भाग लिया और गुरु गद्दी पर चंदन, वंदन और अभिनंदन कर अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ वर्तमान में गद्दी पर विराजमान स्वामी डॉ. सदानंद महाराज के सम्मान के साथ हुआ। भक्तों और संतों ने उन्हें पुष्प मालाएं, चंदन और वंदन अर्पित कर गुरु वंदना की, जिसके साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का विधिवत आरंभ हुआ।



### पौधरोपण कर मनाया गुरू पूर्णिमा पर्व

**बाढड़ा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्ले स्कूल कारी रूपा में एक पेड़ मां के नाम के तहत सर्कल सुपरवाइजर सुशीला की अगुवाई में पौधरोपण किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने आंगनवाड़ी वर्कर दर्शना देवी, सुशीला, सुमन, निर्मला आदि की देखरेख में पौधरोपण किया।

इस दौरान खंड नोडल अधिकारी सुंदर पाल फोगाट ने कहा कि बच्चों को उनके बचपन से ही प्रकृति के साथ जोडऩा आवश्यक है। जब वो ये सीखेंगे कि पेड पौधों का हमारे लिए कितना महत्व है, किस प्रकार ये हम सभी के जीवन के लिए आवश्यक है।

## दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम में सत्संग का आयोजन

# गुरु को सहाय मानने वाले व्यक्ति को किसी का भय नहीं होताः कंवर साहेब

### संसार में सबसे बड़ा गुरु शिष्य का रिश्ता, माता पिता का ऋण जीवन में कभी नहीं उतार सकते

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जो गुरु को सहाय मान लेता है उसे किसी का भय नहीं रहता। बनेगी तो केवल सतगुरु से ही बनेगी। गुरु बिना गति नहीं है। शिष्य के जीवन में गुरु ही ब्रह्मा है,गुरु ही विष्णु है और गुरु ही महेश्वर है अर्थात गुरु ही भक्ति बीज का जन्मदाता है,गुरु ही उस बीज मंत्र का पोषक है और गुरु ही मुक्ति दाता है। यह सत्संग वचन परम संत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर लाखों की संख्या में उमड़ी साध संगत को दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम मुख्यालय में फरमाए। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि गुरु का महत्व शिष्य के जीवन में सबसे बड़ा है। बेशक मां बाप का ऋण जीवन में कभी नहीं उतर सकता क्योंकि मां बाप हमें जीवन देते हैं परंतु गुरु तो अपने शिष्य को ना केवल जीवन देता है बल्कि नाम भक्ति से जीवन का उद्देश्य बताता है। इतना ही नहीं गुरु अपने शिष्य को मुक्ति का मार्ग भी सुझाता है। हुजूर ने कहा कि उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु की पूर्णता का प्रतीक है। पूर्ण गुरु को पूर्ण समर्पण आपको भी पूर्णता प्रदान करता है। गुरु ना केवल परमात्मा का स्वरूप है बल्कि परमात्मा से बढ़ कर है क्योंकि परमात्म के अदृश्य स्वरूप को गुरु ही हमारे सामने प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि आज कलयुग चरम पर है। भाई भाई का गला काटने को तैयार है। संयम समाप्त होता जा रहा है। बर्बादी के लाखों रास्ते खुले हैं ऐसे में इंसान कैसे बचे। इस से बचा जा सकता है केवल सतगुरु की शरण से। सतगुरु सत्य का स्वरूप है। सतगुरु का संग सत्य का संग है। गुरु की शरणाई से ,उनकी सोहबत से और उनकी संगत से आप में भी उत्तम गुण संचारित होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तम प्रकृति के लोग विपरीत परिस्थितियों में भी अपना गुण नहीं छोड़ते जैसे विभीषण ने अपने गुणों को नहीं छोड़ा। गुरु महाराज ने संगत को उच्च कोटि का अध्यात्म परोसते हुए फरमाया कि भक्ति के पांच अंग हैं। दर्शन,वचन,स्पर्श, शब्द और सुमिरन। सबसे पहले गुरु के दर्शन करो क्योंकि सतगुरु के दर्शन मात्र से ही हमारे विचार बदलने लगते हैं। दूसरा अंग है वचन की पालना।





भिवानी। गुरु पुर्णिमा पर आयोजित सत्संग में प्रवचन देते संत कंवर साहेब व रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए संत कंवर साहेब। फोटो: हरिभूमि

### मानसिक रोग का कभी पता नहीं चल सकता

हुजूर महाराज ने कहा कि इंसान को शारीरिक रोग तकलीफ का तो पता चल जाता है। मानसिक रोग का भी हमें पता चल जाता है लेकिन आत्मिक रोग की तरफ किसी का ध्यान ही नहीं जाता जबकि सबसे पहली आवश्यकता आत्मिक स्वस्थता की है। पूरी दुनिया दुनियावी लहर में बही जा रही है कोई बिरला ही जो इस बहाव के विपरीत जा कर स्वयं के साथ साथ औरों को भी बचाता है। हुजूर साहेब ने अंततः फरमाया कि आज गुरु का दिन है इसलिए गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए संकल्प लो कि हम गुरु के बताए मार्ग पर चलेंगे,उनके वचन को आत्मसात करेंगे। पहले अपना जगत सुधारेंगे फिर अपना अगत संवारेंगे। इस अवसर पर रक्तदान शिविर भी लगाया जिसमें 215 यूनिट रक्त का दान किया गया। हुजूर महाराज ने कहा कि आप का दिया रक्त किसी को जीवन देता है अतः बढ़चढ़ कर रक्तदान करें।

### श्रीमती उत्तमीबाई स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**भिवानी।** नया बाजार स्थित उत्तमीबाई आर्य स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने गुरु के सम्मान में कविता, भाषण, दोहे व भजन के माध्यम से गुरु के प्रति अपने भाव प्रस्तुत किए। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने गुरू पूर्णिमा के महत्व के बारे में बच्चों को विस्तारपूर्वक बताया। छात्राओं ने गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वाह कर गुरुओं से आशीर्वाद लिया। प्राचार्या अनीता बासोतिया ने छात्राओं को गुरु की महत्ता बताते हुए कहा कि गुरु केवल एक शिक्षक नहीं, पथ प्रदर्शक, प्रेरक और आत्मा के जागरूक कर्ता होते हैं। अतः गुरु पूर्णिमा का ये पर्व हमें अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है, जिन्होंने हमें जीने की कला सिखाई है एवं हमारे अज्ञान को दूर कर ज्ञान ज्योति को प्रज्वलित किया है जिससे कि हम महानता को प्राप्त हो सके। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सभी सदस्यों ने अध्यापिकाओं एवं छात्राओं को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी।



भिवानी। गुरु का पूजन करते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

## ऑकवुड स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम

- विद्यार्थियों ने कविताओं व भाषण से गुरु के महत्व पर डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की सबसे पुरातन परंपराओं में से एक है। इसी परंपरा को जीवंत रूप देते हुए दि ऑकवुड स्कूल में वीरवार को प्रातः कालीन सभा में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों के बाद संस्कृत शिक्षिका सुधा ने अपने भाषण के माध्यम से बच्चों को गुरु के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि गुरु हमें अंधकार से उजाले की ओर लेकर के जाते हैं तथा वह हमारे सच्चे पथ प्रदर्शक होते हैं।

उन्होंने गुरु और ईश्वर की तुलना करते हुए गुरु को श्रेष्ठ बताया। प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने महर्षि वेदव्यास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज की यह गुरु पूर्णिमा महर्षि वेदव्यास के जीवन से प्रेरित है। वेदव्यास वेदों तथा महाभारत के रचयिता के रूप में जाने जाते हैं जिन्होंने भारतीय संस्कृति, साहित्य और दर्शन में अभूतपूर्व योगदान दिया है। अतः आज का दिन हमें सिखाता है कि अपने गुरु के प्रति सदैव आदर,आभार और विनम्र रहना चाहिए। यह दिन हमें हमें संदेश देता है कि यदि हम अपने आचार्यगण के बताए हुए मार्ग पर चलते हैं तो जीवन में सफलता, सम्मान व सुख प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरु शिष्य परंपरा के महत्व को भावी पीढ़ी में संस्कार के रूप में स्थापित करना रहा। पुराने समय में हमारे देश में अनेक गुरुकुल रहे है, जिनमें श्रेष्ठ गुरु अपने शिष्यों को विभिन्न प्रकार की विधाओं में पारंगत करते रहे हैं। यह परंपरा अब विलुप्त हो चुकी है कार्यक्रम में अनेक विद्यार्थियों ने अपनी कविताओं व भाषण के माध्यम से गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला।

## यह गुरुओं को नमन का दिन

- श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ के साथ समापन, स्वच्छ पर्यावरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कुंगडिया मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का समापन वीरवार को हवन यज्ञ के साथ हुआ। इस अवसर पर स्वच्छ पर्यावरण को समर्पित एक कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने पूर्ण आहुति डालकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन श्रद्धा व भक्ति का भावपूर्ण वातावरण देखने को मिला। समापन पर कथावाचक आचार्य विनय मिश्र श्रीमद्भागवत कथा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि कलयुग में मुक्ति का प्रमुख साधन है। उन्होंने कहा कि शरीर नश्वर है, पर आत्मा अजर व अमर है। उन्होंने राजा परीक्षित को प्राप्त मुक्ति के प्रसंग को विस्तार से बताया और बताया कि कैसे कलयुग में व्यक्ति केवल भगवान के नाम का जाप करके मोक्ष प्राप्त कर सकता है। आचार्य मिश्र ने दसवें स्कंध को भागवत का हृदय बताते हुए भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया।



भिवानी। हवन में आहुति डालते कथाव्यास आचार्य डॉ. विनय मिश्र व अन्य श्रद्धालु।

### पीएम श्री स्कूल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम

**लोहारू।** गुरु पूर्णिमा पर पीएम श्री रावमावि की प्राचार्य दर्शना कुमारी की अध्यक्षता में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने पौधे रोपित किए और उनके पालन पोषद की जिम्मेदारी ली। इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। प्राचार्य दर्शना कुमारी और श्यामसुंदर दमकोरा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत कर पौधरोपण किया। सावन मास भगवान शिव को समर्पित होता है तथा इस माह में अधिक से अधिक पौधे लगाने पर काफी पुण्य मिलता है। उन्होंने वृक्षों के महत्व और पर्यावरण संतुलन में वृक्षों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## मंदिर में श्रद्धा व भक्ति का संगम

- गुरु पूर्णिमा पर भक्तों ने ध्वजा चढ़ाकर जताया आभार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कोंट रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता मंदिर में लगना शुरू हो गया और पूरा परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। इस दिन पर जिन भक्तों की मन्नतें पूरी हुईं, वे श्रद्धालु अपने घरों से ध्वजा (धार्मिक झंडा/ढमाल) लेकर पहुंचे और मां काली के चरणों में श्रद्धा से अर्पित किया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की गूंज ने माहौल को दिव्य बना दिया। माता रानी के जयकारों के बीच भक्तों ने नृत्य करते हुए अपनी आस्था प्रकट की। प्रातःकाल विशेष हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति दी व भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक तृप्ति प्राप्त की। मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी ने कहा कि "गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। मां काली की कृपा से यह आयोजन भव्य और सफल रहा। भक्तों द्वारा ध्वजा चढ़ाना इस बात का प्रमाण है कि आस्था और विश्वास आज भी लोगों के जीवन में सर्वोच्च स्थान रखते हैं। पुजारी शुभम ने विधिवत पूजा एवं हवन संपन्न करवाए। भक्तों ने माता रानी के जयकारों के साथ मंदिर की परिक्रमा की और जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की।



भिवानी। दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में ध्वजा लेकर जयकारे लगाते श्रद्धालु।



### भगवान व भक्त के बीच कड़ी होते हैं गुरू : स्वामी रामकृपाल दास

**भिवानी।** गुरू की कृपा से इंसान भवसागर से पार हो जाता है, जिस मनुष्य पर गुरू की कृपा हो जाए और शिष्य भी अपने सच्चे मन से गुरू की अराधरना करें तो संसार की कोई भी ऐसी वस्तु नहीं है, जो इंसान प्राप्त न कर सकें, ये बात खाकी बाबा मंदिर के महंत स्वामी रामकृपाल महाराज ने अपने भक्तों से सांझा किए। स्वामी ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में एक गुरू अवश्य बनाना चाहिए, गुरू किसी भी रूप में हो, चाहे माता-पिता, शिक्षक और उसके बाद जो गुरू आपको जीवन में सही राह पर चलने की सेख दें और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वह सभी गुरू पूजनीय है, गुरू वह है तो अपने भक्त के लिए भगवान से भी जिद करने को तैयार हो जाता है। जब भी शिष्यों पर कोई दुःख-तकलीफ आती है तो इंसान सबसे पहले अपने कुलदेवता को अपने गुरू को याद करता है।



### नवयुग स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर पौधरोपण कर किया गुरुओं नमन

**चरखी दादरी।** गांव मकड़ानी स्थित नवयुग विद्यालय में निदेशक अजय जाखड़ की अध्यक्षता में गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया और नन्हे मुन्नों विद्यार्थियों के हाथों विद्यालय परिसर में पौधरोपण करवाकर गुरू की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने ने बताया कि बच्चों को बचपन से ही पेड़-पौधें लगान के बारे में सिखाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन अभी लम्बा सफर है, जो पेड़ वे आज लगाएंगे, वे आने वाले सौ सालों तक उनकी सांसों का साथी बनेंगे। पेड़ सिर्फ छाया या ऑक्सीजन नहीं देते बल्कि बच्चों में धैर्य, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का बीज भी बोते हैं। निदेशक अजय जाखड़ ने कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान को अगर कोई सच में जीवंत और स्थायी बना सकता है, तो वे हमारे बच्चे ही हैं। इसलिए आइए हम बच्चों को प्रेरित करें, उन्हें प्रकृति से जोड़ें और इस हरियाली की यात्रा में उनका साथ दें।



### गुरु का ज्ञान और शिक्षा होती है जीवन का मुख्य आधारः पुजारी

**बहल।** श्री सत्यनारायण साबु संस्कृत महाविद्यालय हनुमान मंदिर पाठशाला बहल में ब्रह्मलीन श्री हनुमान प्रसाद शास्त्री के शिष्यों ने बड़े धुमधाम से गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया। साप्ताहिक आयोजन में सात दिन मंत्रोच्चार के पूजा पाठ चला। अंतिम दिन हवन भंडारा आयोजित किया गया। साथ ही गऊओं के लिए हरे चारे की सवामणी लगाई गई। देश के अलग अलग हिस्सों से पहुंचे गुरु हनुमान प्रसाद शास्त्री के शिष्यों ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सहभागिता की। कर्मकांड व अध्यापन से जुड़े हुए अनेक विद्वान पाठशाला में पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पाठशाला के संरक्षक एवं हनुमान मंदिर के पुजारी देवकी नंदन पुजारी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का त्योहार प्रतिवर्ष आषाढ़ माह में पूर्णिमा पर मनाया जाता है। इस दिन हिन्दू धर्मग्रन्थ महाभारत के रचयिता गुरु वेदव्यास का जन्म भी हुआ था।



### सतगुरु का मार्गदर्शन ही जीवन का असली उदेश्यः बाबू साहेब

**भिवानी। वीरवार को गुरु पूर्णिमा पर** आनंद परमानंद सत्संग आश्रम निगाणा धाम में सत्संग और भंडारे का आयोजन किया। सत्संग में सतगुरु बाबूजी साहेब ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने बताया कि गुरु के बिना मनुष्य का ज्ञान अधूरा है,और गुरु की दया इतनी बड़ी है कि वह काग से हंस बना देते है, ऐसे गुरुओं पर सौ-सौ बार बलिहारी जाऊं। सतगुरु का मार्ग दर्शन ही हमें अपने जीवन का असली उदेश्य सिखाता है। सतगुरु बाबूजी साहेब ने भजन ध्यान बारे में भी बताया कि भजन ध्यान, लग्न व मन को एकाग्रत से संभव है। सुबह ब्रह्म मुर्हुत के समय भजन ध्यान लगाना चाहिए। इस अवसर पर शब्द गायक दीपक पैतावास, सुरेन्द्र रामपुरा, कबीर थिरपपाला, सेवानंद डाडम, हेमंत पथाना, हेमन्त आनंद, सुशीला सुरपुरा, संतोष भिवानी, रोशनी हिसार व निर्मला ने गुरु की महिमा का गुणगान किया।



### शिष्यों ने गुरुओं को तिलक लगाकर किया सम्मान

**भिवानी।** गुरु पूर्णिमा पर सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में गुरु की प्रतिमा को पंच अमृत स्नान करावाया और जोगीवाला शिव मंदिर धाम में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया। महंत वेदनाथ महाराज और श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज का उनके शिष्यों ने तिलक लगाकर व माल्यार्पण करके सम्मानित किया। बाबा जहरगिरी आश्रम में बाबा जहरगिरी और बाबा शंकर गिरी महाराज की प्रतिमा को उनके शिष्य डॉ. अशोक गिरी महाराज और उनके शिष्य महंत संगमगिरी महाराज व अन्य शिष्यों ने सजाया। प्रातःकालीन गुरू पादुका पूजन व गुरू विग्रह पूजन किया। श्रीमहंत डा. अशोक गिरी महाराज ने अपने गुरू शंकर गिरी महाराज की प्रतिमा का स्नान करवाया तथा सर्व समाज के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर बाबा कैलाश गिरी, बाबा भगवान गिरी, दशरथ गिरी महाराज, बाबा शिवगिरी, महादेश गिरी, कामाख्या गिरी मौजूद रहे।



### युवा जागृति ट्रस्ट ने 101 पौधें लगाकर मनाई गुरु पूर्णिमा

**भिवानी।** गुरु पूर्णिमा पर्व पर युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट ने हनुमान जोहड़ी मंदिर परिसर में 101 पौधों का रोपण कर उन्हें अपने गुरुओं को समर्पित किया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण एवं गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अनूठा संगम रहा। कार्यक्रम का आयोजन बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में हुआ, जिसमें बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री रेखा राघव पहुंची। इस मौके पर उन्होंने न केवल पौधरोपण किया, बल्कि पौधों की नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। विधायक सर्राफ व महंत चरणदास ने कहा कि ये आयोजन गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक महत्व के साथ-साथ प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। विधायक सर्राफ ने कहा कि गुरु हमें ज्ञान और सही मार्ग दिखाते हैं, ठीक उसी तरह जैसे पेड़ हमें जीवन देते हैं।

## ट्रैफिक नियमों का पालन जरूरी

- जागरूकता से रोके जा सकते हैं बढ़ते सड़क हादसे: सुरेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढिगावा मंडी

जीवन मे दुर्घटनाओं से बचने के लिए पत्येक व्यक्ति को सड़क-सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। सुरेश कुमार थाना प्रभारी जुई ने वीर शहीद बनवारी लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुड़ल में लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान 'यूथ फ़ॉर सेफर रोड कार्यक्रम में कही।उन्होंने छात्र-छात्राओं को सड़क पर चलते, वाहन चलाते , सड़क पार करते, किसी सार्वजनिक या निजी वाहन में यात्रा करते समय सदैव अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रहना चाहिए। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुरेश भारद्वाज ब्लॉक कॉर्डिनेटर लीगल लिटरेसी ने बताया कि विद्यार्थियों में कानूनी साक्षरता के साथ-साथ जीवन मे बेहतर समायोजन करने का सामर्थ्य विकसित करना लीगल लिटरेसी क्लब के मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक कॉर्डिनेटर होने के कारण सभी विद्यालयों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवा रहे हैं ।



ढिगावा मंडी। बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण मुहिम में मौजूद स्टाफ।

## शहरों की तर्ज पर किया जा रहा गांवों का विकासः धर्मबीर सिंह

# विकास से रोकेंगे गांवों से प्रतिभाओं का पलायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

केंद्र की बीजेपी सरकार का मुख्य लक्ष्य है कि हमारे देश के ग्रामीण इलाकों को अधिक से अधिक विकसित किय जाए, यहां सभी मूलभुत सुविधाओं को पहुंचाया जाए, साथ ही अधिक से अधिक परियोजनाएं इन क्षेत्रों में लागू करने के लिए कदम उठाए जाए, जिससे कि ग्रामीण स्तर पर अधिक से अधिक विकास हो तथा इसके माध्यम से प्रतिभा पलायन को रोका जाए। केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा इस दिशा में अभूतपूर्व कमद उठाए जा रहे है जिसका लाभ सीधे तौर पर पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगा। यह बात भिवानी महेंद्रगढ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने की। मौके पर बिजली विभाग, पब्लिक हैल्थ, ईरीगेशन सहित विभागो के अधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति भी रही। इस दौरान उनके साथ महीपाल श्योराण राजेश चहड़ उमेद सिंह मतानी प्रदीप पिलानिया सुभाष बिश्नोई मुन्शीराम शर्मा जगदीश पंघाल रमेश बड़वा जिला पार्षद अमीत लोहीया ज्ञानीराम बड़वा राजेंद्र सिंह जांगडा बड़वा इत्यादि मौजूद रहे।



भिवानी। आयोजित जनसभा में लोगों को संबोधित करते सांसद धर्मबीर सिंह।

### मोदी की योजनाओं का जन-जन तक पहुंचाना लक्ष्य

मीडिया प्रभारी प्रविंद्र मांढी ने जानकारी देते हुए बताया सांसद लगातार अपने पूरे संसदीय क्षेत्रों में खास कर ग्रामीण इलाकों में इन दिनों विशेष जनसंपर्क अभियान पर है, इसके तहत वो गांवों में पहुंच कर लगातार नागरिकों से मिलते हुए केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए कदम उठा रहे है। इसी कडी में वो आज सिवानी क्षेत्र के बड़वा में पहुंचे व लोगों को सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्री नीत बीजेपी सरकार की नई योजनाएं बारे बताया। ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गांव में नवनिर्मित फिरनी का उद्घाटन किया इसके साथ ही ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।